# Haryana stops Punjab farmers in their tracks again

allowed to crossover ... action was taken to maintain ... and order in their hands." | Security personnel on high alert at Tatiana naka in Kaithal on Friday. ... farmers from Kaithal side, but we have made all arrange- ... tu Ram), said they would welcome Punjab farmers.

## Administrator appointed for Surajkund Mela

CHANDIGARH, DECEMBER 6

Sahil Gupta, ADC-cum-District Citizen Resources Information Officer, Faridabad, has been appointed as the mela administrator for the 38th Surajkund Mela. —TNS


**Dayawanti Memorial College of Education**
**Village-Pada, Post Office-Kalwadi**
**Tehsil- Tauru**
**Recognised by NCTE and affiliated to Gurugram University, Gurugram**
**Website address: www.dmce.in**
**E-Mail:dayawanticollege@gmail.com**
**Contact No :9416287428**

The following Teaching and Non-Teaching staff is required for B.Ed, and M.Ed Courses on Regular Basis:

**Teaching staff for B.Ed. Course:** Assistant Professor in Perspective in Education-8, Assistant Professor-16 (Pedagogy of English, Hindi, Sanskrit, Mathematics, Science, Social Science, Commerce, Economics- Two each), Health & Physical Education-2, Fine Arts-2, Performing Arts-2

**Teaching staff for M.Ed. Course:** Professor-2, Associate Professor-2, Assistant Professor-6

**Non-Teaching staff:** Librarian-1 Office-cum-Account Assistant-2, Office Assistant- cum-Computer Operator-2, Store Keeper-2, Technical Assistant-2, Lab Assistant-2, Lab Attendant-2, Library Attendant-2, Peon-2, Mali-2, Sweeper-4, Security Guard-4

**Qualifications, pay scale and experience as per GUG/NCTE/Haryana Govt Norms.**

Eligible candidates may download the application form college website or may obtained it from the college on any working day. The Candidate may send the application from duly completed all respect along with copy of all testimonials (Visible copy of DMCs, Experience Certificates, etc.) to the college office and also a copy the same **must be sent to the Dean College Development Council, Gurugram University, Gurugram within 21 days (but not later on 28.12.2024) from publication of the advertisement by registered post or by hand.**


## In 6 years, over 2K cases against agents, illegal immigration: DGP

TRIBUNE NEWS SERVICE

CHANDIGARH, DECEMBER 6

In the past six years, the police have registered 2,606 cases against fake travel agents and illegal immigration, with Karnal being the worst affected.

DGP Shatrujeet Kapur said in 2019, 213 cases were registered, followed by 582 (2020), 183 (2021), 300 (2022), 750 (2023), and 578 by the end of October 2024.

Karnal district has recorded the highest number of cases, with 658 registered in the last six years. During the same period, Kurukshetra saw 574 cases, Ambala 457, Kaithal 256, Yamunanagar 217, and Panipat 106. Recognising the gravity of the situation, helpline number 8053003400 has been set up, and an officer of the DSP rank has been designated as the nodal officer in each district, according to a police spokesperson.

Simultaneously, senior police officers, including SPs, have been issued directives to tighten the noose on travel agents. "The SPs have been instructed to monitor the number of complaints received, FIRs registered, criminals apprehended, and the amount of recovery from criminals," the spokesperson added. The new laws also include a provision to attach the house, shop, and other property of fraudulent agents engaging in illegal immigration activities.

The DGP said in the past 18 months, 1,014 accused have been arrested in 1,245 registered cases related to illegal immigration in the state.

Travel agents may provide fake tickets and visas, leading to an individual being denied air travel. Sometimes, individuals are misled by fake job offers and official-looking documents presented through emails, etc.

"Often, innocent and unemployed youth are trapped in the web of illegal immigration in the name of getting jobs abroad. The number of such cases is relatively high in Punjab and Haryana," said the spokesperson.

Kapur said people should not trust any agent without investigation. For the convenience of people, a list of authorised and unauthorised agents had been uploaded on the Haryana Police website https://haryanapolice.gov.in/login. If a person became a victim of such fraud, they should immediately inform the nearest police station or helpline number.

### MAXIMUM CASES FROM KARNAL

Karnal district has recorded the highest number of cases, with 658 registered in the last six years. During the same period, Kurukshetra saw 574 cases, Ambala 457, Kaithal 256, Yamunanagar 217, and Panipat 106

## CM salutes soldiers on Flag Day

TRIBUNE NEWS SERVICE

CHANDIGARH, DECEMBER 6

CM Nayab Singh Saini paid tribute to the soldiers of the armed forces on the occasion of the Armed Forces Flag Day. He said soldiers protected the nation's borders with valour even in adverse conditions, and the nation was indebted to these courageous warriors who sacrificed their lives for the country.

The Chief Minister contributed to the Armed Forces Flag Day Fund and appealed to all residents of Haryana to contribute to the fund.

The contributions will aid in the rehabilitation and welfare of the dependents of soldiers who have sacrificed their lives, or become disabled while serving the nation.

Saini reiterated that the Haryana government was committed to the welfare of ex-servicemen and the dependents of martyrs and was working for their uplift. —TNS

## Nationwide anti-TB drive to be launched from Panchkula today

CHANDIGARH, DECEMBER 6

Haryana Health Minister Arti Singh Rao has said the nationwide campaign to eliminate tuberculosis (TB) will kick off from Panchkula on December 7.

Union Health and Family Welfare Minister Jagat Prakash Nadda will launch the initiative with Chief Minister Nayab Singh Saini also scheduled to attend the event.

Rao said the Ministry of Health and Family Welfare is fully committed to taking decisive action toward eradicating TB in India. The "100-Day TB Eradication Campaign" will be launched in partnership with key supporting departments to ensure effective implementation.

The Health Minister emphasised that this campaign reaffirms the Government of India's dedication to achieving TB elimination through enhanced TB notification and reduced mortality rates under the National TB Elimination Program (NTEP). This initiative will be implemented in 347 districts across all 33 states and union territories, aimed at detecting TB cases early, minimising treatment delays, and improving patient outcomes, especially among high-risk populations.

She underscored that this effort aligns with Prime Minister Narendra Modi's vision of a "TB-Free India," a goal highlighted during the 2018 "TB-Elimination" Summit in Delhi. Since then, multiple initiatives have been launched to strengthen TB prevention, diagnosis, and treatment services throughout the country.

The Health Minister further said the 100-day campaign would focus on improving critical performance indicators such as the TB case incidence rate, treatment coverage, and mortality rates. The initiative is in line with recent policy reforms by the Ministry, including increased financial support under the Nikshay Poshan Yojana for TB patients and the inclusion of household contacts under the Social Initiative Assistance component of the Pradhan Mantri TB Mukt Bharat Abhiyan.

The minister said the campaign would prioritize advanced TB diagnostics, targeted screening for vulnerable groups, specialised care for high-risk individuals, and the provision of nutritional support. —TNS

### FOCUS ON EARLY DETECTION

This initiative will be implemented in 347 districts across all 33 states and UTs, aimed at detecting TB cases early, minimising treatment delays, and improving patient outcomes, especially among high-risk populations.

The Tribune 7/12/24

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : मेजबान सिर्फ 94 रन से पीछे, नौ विकेट शेष

# भारतीय टीम 180 रन पर ढेर, स्टार्क को छह विकेट, ऑस्ट्रेलिया मजबूत

एजेंसी ▸▸| एडीलेड


अनुभवी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत को 180 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि के दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को यहां पहली पारी में एक विकेट पर 86 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

मेजबान टीम अब भारत के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 94 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ उस्मान ख्वाजा (13) का विकेट गंवाया है जिन्हें जसप्रीत बुमराह (13 रन पर एक विकेट) ने स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। स्टंप के समय सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी 38 जबकि मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों दूसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़ चुके हैं।

स्टार्क ने इससे पहले गुलाबी गेंद से पहली बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जिससे भारतीय टीम सिर्फ 44.1 ओवर में 180 रन पर ढेर हो गई। उन्हें कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो-दो विकेट चटकाए।



### रेड्डी के 42 रन



भारतीय टीम नितीश कुमार रेड्डी (42 रन) की आक्रामक पारी की बदौलत 150 रन के आंकड़े को पार कर पाई। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (37) और शुभमन गिल (31) ने अच्छी शुरुआत के बाद विकेट गंवाए।

### पहुंचे रिकॉर्ड दर्शक

*भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एडीलेड ओवल में 36,225 प्रशंसक पहुंचे जो दोनों टीम के बीच पांच दिवसीय मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की मौजूदगी का नया रिकॉर्ड है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार पिछला रिकॉर्ड 2011-12 की श्रृंखला के दौरान 35,081 दर्शकों का था जिसमें मेजबान टीम ने भारत का 4-0 से सूपड़ा साफ किया था।*

### ह्यूज और रेडपैथ की याद में बांधी काली पट्टी

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुक्रवार को पूर्व क्रिकेटरों फिलिप ह्यूज और इयान रेडपैथ की याद में भारत के खिलाफ दिन-रात्रि के दूसरे टेस्ट के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधकर खेले। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ह्यूज की 2014 में शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान सिर पर गेंद लगने से मौत हो गई थी। रेडपैथ भी सलामी बल्लेबाज थे। रेडपैथ का एक दिसंबर को 83 साल की उम्र में बीमारी के कारण निधन हो गया था। उन्होंने 1964 से 1976 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट और पांच वनडे मैच खेले।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल पगबाधा को स्टार्क | 00 | 01 | 0 | 0 |
| राहुल का मैकस्वीनी बो स्टार्क | 37 | 64 | 6 | 0 |
| गिल पगबाधा बो बोलैंड | 31 | 51 | 5 | 0 |
| कोहली का स्मिथ बो स्टार्क | 07 | 08 | 1 | 0 |
| पंत का लाबुशेन बो कमिंस | 21 | 35 | 2 | 0 |
| रोहित पगबाधा बो बोलैंड | 03 | 23 | 0 | 0 |
| रेड्डी का हेड बो स्टार्क | 42 | 54 | 3 | 3 |
| अश्विन पगबाधा बो स्टार्क | 22 | 22 | 3 | 0 |
| हर्षित राणा बो स्टार्क | 00 | 03 | 0 | 0 |
| बुमराह का ख्वाजा बो कमिंस | 00 | 08 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 04 | 03 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 44.1 ओवर में 180/10
गेंदबाजी : स्टार्क 14.1-2-48-6, कमिंस 12-4-41-2, बोलैंड 13-0-54-2, लियोन 1-0-6-0, मार्श 4-0-26-0

### सुमित ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में सीधे प्रवेश हासिल किया

**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल अगले साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने के बाद ग्रैंड स्लैम में अपनी पांचवीं उपस्थिति के लिए तैयार हैं। विश्व रैंकिंग में 98वीं स्थान पर काबिज नागल शुक्रवार को टेनिस ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी प्रवेश सूची में शामिल हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता के पिछले सत्र में क्वालीफाइंग चरण से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद शुरुआती मुकाबले में कजाकिस्तान के 31वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 7-6 (5) से शिकस्त दी थी। वह तब 34 साल के बाद ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे।

## सिल्वा ने संभाला शाह की जगह एसीसी अध्यक्ष पद

एजेंसी ▸▸| दुबई



श्रीलंका के शम्मी सिल्वा ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। उन्होंने भारत के जय शाह का स्थान लिया है, जो हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष बने हैं।

शाह ने एसीसी अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल के बाद पद खाली कर दिया था। यह एसीसी में सिल्वा की पहली भूमिका नहीं होगी। वह पहले इस संस्था की वित्त और विपणन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। सिल्वा ने यहां जारी बयान में कहा, 'एशियाई क्रिकेट परिषद का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। क्रिकेट एशिया की धड़कन है और मैं खेल को ऊपर उठाने, उभरती प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने और हम सभी को एकजुट बनाए रखने के लिए सभी सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।'

## ब्रूक का शतक, इंग्लैंड का पलड़ा भारी न्यूजीलैंड ने 86 रन पर गंवाए 3 विकेट

एजेंसी ▸▸| वेलिंगटन



हैरी ब्रूक के आठवें टेस्ट शतक से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा। ब्रूक ने 115 गेंद में 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 123 रन की पारी खेली। उन्होंने ओली पोप (66) के साथ पांचवें विकेट के लिए 174 रन की साझेदारी भी की जिससे 43 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद इंग्लैंड की टीम 280 रन बनाने में सफल रही।न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक 86 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। स्टंप के समय टॉम ब्लंडेल सात रन बनाकर खेल रहे थे जबकि रात्रि प्रहरी विल ओ रोर्के ने अभी खाता नहीं खोला है। न्यूजीलैंड की टीम अब भी 194 रन से पीछे है जबकि उसके पांच विकेट बचे हैं। ब्रूक ने पहले टेस्ट में भी इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 171 रन की पारी खेलकर टीम को पहली पारी में बढ़त दिलाई थी। न्यूजीलैंड की ओर से नाथन स्मिथ ने 86 रन देकर चार जबकि ओ रोर्के ने 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए। मैट हेनरी ने 43 रन पर दो विकेट हासिल किए।

### खबर संक्षेप



#### करण सिंह को महासंघ से सहयोग की जरूरत

**मुंबई।** भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने शुक्रवार को निजी प्रायोजकों और राष्ट्रीय महासंघ से करण सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। बोपन्ना ने कहा, 'मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का मौका मिल रहा है।'


#### भारत आयोजित करेगा खो-खो अभ्यास शिविर

**नई दिल्ली।** भारत खो-खो विश्व कप के शुरुआती सत्र की तैयारी के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगा जिसमें 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में मेजबान देश का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश करेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ, भारतीय खेल प्राधिकरण और खेल मंत्रालय के सहयोग से 10 दिसंबर से 11 जनवरी तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शिविर का आयोजन करेगा। भारत 13 से 19 जनवरी तक खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए तैयार है।



#### मनप्रीत के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं अली

**नई दिल्ली।** अपने आदर्श मनप्रीत सिंह को खेलते हुए देखने के लिए 10 किलोमीटर से ज्यादा पैदल चलने वाले आमिर अली भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के साथ हॉकी इंडिया लीग में एक साथ खेलने को लेकर रोमांचित हैं। भारतीय जूनियर टीम के कप्तान आमिर तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के कप्तान के साथ एचआईएल में टीम गोनासिका का प्रतिनिधित्व करेंगे। आमिर ने कहा, 'यह सोचना कि मैं एक बार एचआईएल मैच देखने गया था और अब मैं उसका हिस्सा हूं, एक बहुत ही खास एहसास है।'



## भारत-बांग्लादेश में होगा अंडर-19 एशिया कप का खिताबी मुकाबला



एजेंसी ▸▸| शारजाह

वैभव सूर्यवंशी की लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी से भारत ने अंडर-19 एशिया कप वनडे के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां श्रीलंका को 170 गेंद शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। श्रीलंका की पारी को 46.2 ओवर में 173 रन पर समेटने के बाद भारत ने सूर्यवंशी की 36 गेंद में 67 रन की ताबड़तोड़ पारी के बूते तीन विकेट गंवाकर महज 24.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

■ श्रीलंका को 170 गेंद शेष रहते सात विकेट से रौंदा

सूर्यवंशी ने हाल में आईपीएल नीलामी में सुर्खियां बटोरी थी जब राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें एक करोड़ 10 लाख रुपए में खरीदा। वह लीग के इतिहास में नीलामी में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपनी पारी में पांच छक्के और छह चौके लगाए। रविवार को दुबई में खेले जाने वाले फाइनल में भारत के सामने बांग्लादेश की चुनौती होगी। बांग्लादेश ने एक अन्य सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के लिए मिले 117 रन के लक्ष्य को महज 22.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

### म्हात्रे-सूर्यवंशी का आक्रामक अंदाज

भारत ने आक्रामक अंदाज में लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया। आयुष म्हात्रे (34 रन) ने पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में सूर्यवंशी के साथ 91 रन जोड़ दिए। सूर्यवंशी ने पारी के दूसरे ओवर में दुलनिथ सिगेरा के खिलाफ तीन छक्के और एक चौका लगाया। इस गेंदबाज ने इस ओवर में 31 रन लुटाए। म्हात्रे ने भी दूसरे छोर से तेजी से रन बनाए। इस साझेदारी को नौवें ओवर में विहास थेवमिका ने म्हात्रे को आउट कर तोड़ा। सूर्यवंशी ने परिपक्वता दिखाते हुए सी आंद्रे सिद्धार्थ (22) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। वह 14वें ओवर में जब आउट हुए उस समय टीम का स्कोर 132 रन था। कप्तान मोहम्मद अमान (नाबाद 25) ने छक्के के साथ टीम को जीत दिला दी। केपी कार्तिकेय 11 रन पर नाबाद रहे।

**चेतन ने किए 3 शिकार :** चेतन शर्मा (तीन विकेट), किरण चोरमले (दो विकेट), और आयुष म्हात्रे (दो विकेट) ने श्रीलंका के बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया।

## भारत ने विश्व चैंपियनशिप में जीते एक स्वर्ण सहित 6 पदक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत ने विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप के हांगकांग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल छह पदक हासिल किए। हांगकांग में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक हुई इस प्रतियोगिता में वंशिक कपाड़िया और वृशाली ठाकरे ने 19 प्लस ओपन मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कुलदीप महाजन ने भी दक्षिण कोरिया की किम युंग ग्वोन के साथ मिलकर इसी वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वंशिक (19 प्लस ओपन पुरुष एकल) तथा करीना आदित्य द्विपयानी और वृशाली ठाकरे (19 प्लस महिला युगल) ने भी दो रजत पदक जीते।



ईशा लखानी और रूस वान रीक तथा मयूर पाटिल और नीलसन चेन ने क्रमशः 19 प्लस ओपन महिला युगल और 19 प्लस ओपन मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते।

**Dayawanti Memorial College of Education**
**Village-Pada, Post Office-Kalwadi**
**Tehsil- Tauru**
**Recognised by NCTE and affiliated to Gurugram University, Gurugram**
**Website address: www.dmce.in**
**E-Mail:dayawanticollege@gmail.com**
**Contact No :9416287428**

The following Teaching and Non-Teaching staff is required for B.Ed, and M.Ed Courses on Regular Basis:

**Teaching staff for B.Ed. Course:** Assistant Professor in Perspective in Education-8, Assistant Professor-16 (Pedagogy of English, Hindi, Sanskrit, Mathematics, Science, Social Science, Commerce, Economics- Two each), Health & Physical Education-2, Fine Arts-2, Performing Arts-2

**Teaching staff for M.Ed. Course:** Professor-2, Associate Professor- 2, Assistant Professor -6

**Non-Teaching staff:** Librarian-1 Office-cum-Account Assistant-2, Office Assistant- cum-Computer Operator-2, Store Keeper-2, Technical Assistant-2, Lab Assistant-2, Lab Attendant-2, Library Attendant -2, Peon-2, Mali-2, Sweeper-4, Security Guard-4

**Qualifications, pay scale and experience as per GUG / NCTE / Haryana Govt Norms.**

Eligible candidates may download the application form college website or may obtained it from the college on any working day. The Candidate may send the application from duly completed all respect along with copy of all testimonials (Visible copy of DMCs, Experience Certificates, etc.) to the college office and also a copy the same **must be sent to the Dean College Development Council, Gurugram University, Gurugram within 21 days (but not later on 28.12.2024) from publication of the advertisement by registered post or by hand.**

## झारखंड ने जीता जूनियर महिला हॉकी का खिताब




**सिकंदराबाद।** हेमरोम लियोनी के गोल की मदद से हॉकी झारखंड ने शुक्रवार को यहां फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश को 1-0 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। मैच का एकमात्र गोल 15वें मिनट में हुआ जब जमुना कुमारी ने बाएं छोर से ड्रिबल करते हुए गेंद लियोनी को दी, जो प्रतियोगिता में अपना सातवां गोल करने में सफल रही। झारखंड ने इस तरह से अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए चैंपियनशिप जीती। तीसरे-चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में ओडिशा ने मिजोरम को 4-3 से हराया।




## अपील

राष्ट्र 7 दिसम्बर, 2024 को सशस्त्र सेनाओं के सम्मान में 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' मना रहा है।

यह अवसर मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सशस्त्र सेनाओं के शूरवीर सैनिकों को स्मरण करने का है। इस दिन हम शहीदों का सम्मान करते हैं, सशस्त्र सेनाओं के प्रति अपनी एकजुटता दर्शाते हैं, युद्ध विधवाओं, दिव्यांग व जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों के प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त करते हैं और उन्हें आश्वस्त करते हैं कि पूरा देश उनके साथ है।

'झंडा दिवस' हम सब को सशस्त्र सेनाओं के सेवारत व सेवानिवृत्त सैनिकों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए उदारता से योगदान देकर उनके प्रति अपनी एकजुटता दिखाने का अवसर प्रदान करता है।

हरियाणा के लोगों ने वीर सैनिकों तथा उनके परिवारों का सदैव सम्मान किया है। हरियाणा सरकार ने भी उनके कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं।

इस अवसर पर हम हरियाणावासियों से अपील करते हैं कि वे युद्ध विधवाओं, दिव्यांग सैनिकों तथा जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के पुनीत कार्य के लिए स्वेच्छा से योगदान देकर 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस -2024' को सफल बनाएं।

आप अपना योगदान 'सचिव, राज्य सैनिक बोर्ड, झंडा दिवस निधि', भारतीय स्टेट बैंक, सेक्टर 12, पंचकूला के बचत खाता नम्बर 65271499108, IFSC Code - SBIN0050726' में डिजिटल जमा करवा सकते हैं।

SBI
BHIM UPI

संवाद-1089/13/1929/2025/30870/88/6 दि. 06.12.2024

नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

बंडारू दत्तात्रेय
राज्यपाल, हरियाणा